>

Title: Reported death of 39 people in an accident at Doda Badarwah road, Jammu and Kashmir on 25/02/2009.

चौधरी लाल सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत दुख के साथ सरकार से कहना चाहूंगा कि मेरी कांस्टीटूंसी में एक बस जो बटोह से डोडा-भद्रवाह की तरफ जा रही थी, उसके साथ बहुत बड़ी दुर्घटना घटित हुई, जिसमें 39 लोग मर गये और 15-20 लोग जख्मी हो गये। जब से मैं पार्लियामैंट मे आया हूं, उसी रोड पर कम से कम यह आठवीं-नौवी दुर्घटना है और हर दुर्घटना में 40 से ज्यादा लोग मरे हैं।[MSOffice11]

महोदय, मेरी सब्मिशन है कि वहां एनएच-1बी का जो काम लगा है, वह बिल्कुल सुस्त है, बीआरओ की तरफ से कोई काम ठीक नहीं हो रहा है और स्टैण्डर्ड ऑफ वर्किंग में कमी है। मेरी जनाब से सब्मिशन है कि वहां लोग हर बार मरते हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अभी वहां जो लोग मरे हैं, मेहरबानी करके उन गरीब लोगों के परिवारों को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, गवर्नमेंट, जम्मू-कश्मीर पांच-पांच लाख रूपए दें ताकि वे सर्वाइव कर सकें, अपनी जिन्दगी अच्छे से जी सकें। आपकी बड़ी मेहरबानी होगी।